महात्मा ज्योतिबा फुले
रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक : रू0 वि0/प0नि0का0/2026/1519 दिनांक 13.11.2026

कार्यालय ज्ञाप

विश्वविद्यालय की शैक्षिक सत्र 2026–27 की विषम सेमेस्टर परीक्षाएँ दिनांक 17.11.2026 से प्रारम्भ हो रही हैं। विगत परीक्षाओं में यह संज्ञान में आया है कि कतिपय सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र भरते समय उनके जेंडर (Gender) विवरण में त्रुटि कर दी जाती है। इसके परिणामस्वरूप पुरुष अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र पर महिला जेंडर अंकित हो जाने के कारण उन्हें आवंटित परीक्षा केन्द्र के स्थान पर स्वकेन्द्र (Self Centre) आवंटित हो जाता है। ऐसी स्थिति में सम्बन्धित पुरुष अभ्यर्थियों द्वारा अपने ही महाविद्यालय में परीक्षा दिए जाने के प्रकरण भी संज्ञान में आए हैं।

अतः परीक्षा की शुचिता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित किए जाने के दृष्टिगत समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं के जेंडर विवरण का तत्काल परीक्षण करते हुए उसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर उसका अनिवार्य रूप से सत्यापन एवं नियमानुसार संशोधन सुनिश्चित करें। यदि किसी पुरुष अभ्यर्थी के प्रवेश–पत्र पर जेंडर सम्बन्धी त्रुटि के कारण स्वकेन्द्र अंकित हो गया है, तो ऐसे अभ्यर्थी को अपने महाविद्यालय में परीक्षा देने की अनुमति कदापि प्रदान नहीं की जाएगी। उसे विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित अन्य परीक्षा केन्द्र पर ही परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को तत्काल सूचित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

किसी भी परिस्थिति में पुरुष अभ्यर्थी को उसके अपने महाविद्यालय में परीक्षा में सम्मिलित नहीं कराया जाएगा। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा उपर्युक्त निर्देशों का उल्लंघन करते हुए पुरुष अभ्यर्थी को स्वकेन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित कराया जाता है, तो सम्बन्धित अभ्यर्थी की परीक्षा तत्काल निरस्त कर दी जाएगी तथा सम्बन्धित महाविद्यालयध्परीक्षा केन्द्र के विरुद्ध नियमानुसार दण्डात्मक एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य एवं केन्द्र व्यवस्थापक व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय।
2. समस्त केन्द्राध्यक्ष/केन्द्र व्यवस्थापक, विश्वविद्यालयीय परीक्षा केन्द्र।
3. निदेशक, महाविद्यालय विकास परिषद।
4. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, सूचनार्थ।
5. वित्त अधिकारी/उप कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)।
6. समन्वयक/सह समन्वयक, समर्थ पोर्टल
7. मीडिया प्रभारी
8. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
9. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव।
10. सम्बन्धित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक